आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 29.01.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज संसद में पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण।

2– छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र तेईस फरवरी से शुरू होगा–बीस मार्च तक चलने वाले इस सत्र के दौरान होंगी कुल पंद्रह बैठकें।

3– बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए।

**और**

4– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सरगुजा ओलंपिक के ''लोगो'' और ''शुभंकर "गजरु" का किया अनावरण।

---------

**<u>केंद्रीय वित्त मंत्री–आर्थिक सर्वेक्षण</u>**

देश में चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर सात दशमलव चार प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, आगामी वित्त वर्ष में वृद्धि दर छह दशमलव आठ से सात दशमलव दो प्रतिशत के बीच रह सकती है। यह अनुमान आज संसद में केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा पेश आर्थिक सर्वेक्षण में व्यक्त किया गया। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार विनिर्माण गतिविधि मजबूत हुई है और कृषि क्षेत्र ने स्थिरता प्रदान की है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि

अनुकूल मानसून परिस्थितियों के सहयोग से चालू वित्त वर्ष में कृषि और संबद्ध गतिविधियों की वृद्धि तीन दशमलव एक प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित कुल महंगाई दर घटकर एक दशमलव सात प्रतिशत रह गई है, जिसका मुख्य कारण सब्जियों और दालों की कीमतों में सुधार रहा है।

वित्त मंत्री द्वारा आर्थिक सर्वेक्षण पेश किए जाने के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की अगली कार्यवाही अब एक फरवरी रविवार को होगी। इस दिन केन्द्रीय बजट पेश किया जाएगा।

**<u>महात्मा गांधी–पुण्यतिथि</u>**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को कल देशभर में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वहीं, छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार कल सुबह ग्यारह बजे दो मिनट का राष्ट्रव्यापी मौन रखकर महात्मा गांधी और अन्य स्वतंत्रता सग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके लिए बिलासपुर राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष ने सचिवों, सभी विभागों के प्रमुखों, संभागीय आयुक्तों, कलेक्टरों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

**<u>विधानसभा–बजट सत्र</u>**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र तेईस फरवरी से शुरू होगा। बीस मार्च तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पंद्रह बैठकें होंगी। विधानसभा सचिवालय द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। बजट सत्र की शुरूआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। सत्र के दौरान वित्तीय कार्य के साथ ही अन्य शासकीय कार्य संपादित किए जाएंगे।

**विजय शर्मा–पत्रकारवार्ता**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए फिर से ग्रामीण सचिवालय शुरू किए जाएंगे। आज रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में श्री शर्मा ने पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बीते दो वर्षों में किए गए नवाचारों, उपलब्धियों तथा आगामी कार्ययोजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़, देश में पहले स्थान पर है। उन्होंने बताया कि तीन हजार से अधिक आत्मसमर्पित और नक्सल पीड़ित परिवारों को भी आवास प्रदान किये गये हैं। वहीं, पीएम जनमन और नियद नेल्लानार योजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नौ हजार से अधिक आवास निर्माण को स्वीकृति दी गई है, जिसमें से दो हजार से अधिक आवास पूर्ण कर लिए गए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य की लगभग पांच लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाया गया है। आने वाले समय में राज्य की दस लाख महिलाओं को "लखपति दीदी" बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में दो "बकरी पालक महिला किसान उत्पादन कंपनी" और एक राज्य स्तरीय "पशुधन विपणन संघ" की स्थापना की जाएगी। वहीं, महिलाओं को उद्यमी बनाने के लिए भारतीय प्रबंधन संस्था–आईआईएम रायपुर के सहयोग से एक इन्क्यूबेशन केंद्र स्थापित किया जाएगा।

**माओवादी मुठभेड़**

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि घटनास्थल से दोनों माओवादियों के शवों

के अलावा एके–फोर्टी सेवन रायफल, नौ एमएम पिस्तौल, अन्य हथियार और गोला–बारूद भी बरामद किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार दोनों ओर से अभी भी गोलीबारी जारी है। इसके साथ ही इलाके में सर्चिंग अभियान बढ़ा दिया गया है।

इस बीच, बीजापुर जिले के ही ईलमिड़ी–लंकापल्ली क्षेत्र में सर्चिंग के दौरान सुरक्षा बलों ने बीस से तीस किलो के दो आईईडी बरामद किए हैं। बाद में बम निरोधक दस्ते की टीम ने आईईडी को नष्ट कर दिया।

## दीक्षांत समारोह

दुर्ग स्थित दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में आज राज्यपाल रमेन डेका शामिल हुए। समारोह में एक हजार पांच सौ छत्तीस विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। वहीं, पैंतालीस को स्वर्ण पदक और आठ विद्यार्थियों को पंडित तीरथ प्रसाद मिश्रा मेमोरियल स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

## सरगुजा ओलंपिक–शुभंकर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बस्तर ओलम्पिक की तर्ज पर आयोजित होने वाले सरगुजा ओलंपिक के **''लोगो'' और ''शुभंकर "गजरु"** का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अब सरगुजा संभाग की खेल प्रतिभाओं को भी अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा।

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि इस आयोजन से सरगुजा के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा और कौशल दिखाने का अच्छा मंच मिलेगा। उन्होंने बताया कि सरगुजा ओलंपिक के विजेता खिलाड़ियों को राज्य की प्रशिक्षण अकादमियों में सीधे प्रवेश दिया जाएगा। उन्हें यूथ

आइकॉन घोषित कर युवाओं और बच्चों को खेलों से जुड़ने और खेलने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

गौरतलब है कि सरगुजा ओलंपिक का आयोजन तीन चरणों – विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर किया जाएगा। इसके लिए अट्ठाईस दिसंबर से पच्चीस जनवरी तक छह जिलों से लगभग साढ़े तीन लाख खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। सरगुजा ओलंपिक के तहत कबड्डी, खो–खो, तीरंदाजी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, कुश्ती, रस्साकशी समेत बारह विधाओं में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

**अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन**

नारायणपुर में इकतीस जनवरी को ''अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन'' का आयोजन किया जाएगा। इस मैराथन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत जुंबा गतिविधि से होगी, जिसके बाद सुबह साढ़े छह बजे मुख्यमंत्री मैराथन का शुभारंभ करेंगे।

इक्कीस किलोमीटर की यह हाफ मैराथन दौड़ नारायणपुर से बासिंग तक आयोजित की जाएगी। इस मैराथन में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से साढ़े छह हजार से अधिक धावकों ने पंजीयन कराया है, जिनमें सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय धावक भी शामिल हैं।

**मुख्य सचिव–सम्मानित**

मुख्य सचिव विकासशील ने आज मंत्रालय में ई–ऑफिस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से निर्धारित समय में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने राज्य शासन के सभी कार्यालयों में ई–ऑफिस से ही फाईल संचालन करने को कहा। मुख्य सचिव ने बताया कि अगले वर्ष से अधिकारियों और कर्मचारियों के छुट्टी से संबंधित आवेदन ई–ऑफिस प्रणाली से ही स्वीकार किए जाएंगे।

**भारत पर्व**

नई दिल्ली स्थित लालकिले के ज्ञान पथ पर आयोजित राष्ट्रीय सांस्कृतिक और पर्यटन महोत्सव–भारत पर्व में छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। छह दिवसीय इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, पारंपरिक व्यंजन और पर्यटन पवेलियन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। पवेलियन के माध्यम से राज्य के प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध जनजातीय संस्कृति, त्यौहारों और विशिष्ट पर्यटन स्थलों की जानकारी दी जा रही है। इसका उद्देश्य देश–विदेश के पर्यटकों को छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों से अवगत कराना है। इसके अलावा कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में शामिल छत्तीसगढ़ की झांकी भी भारत पर्व में प्रदर्शित की गई है, जो दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

**रोजगार मेला**

रायपुर के सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में आज से राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। कौशल प्रशिक्षण और रोजगार विभाग के सचिव डॉक्टर एस. भारतीदासन ने तीन दिवसीय इस मेले का उद्घाटन किया। रोजगार मेले के पहले दिन आज दो हजार नब्बे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार हुआ। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की पैंतालीस से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा ले रही है। मेले के माध्यम से पंद्रह हजार से अधिक रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी।

## आशा लकड़ा–पत्रकारवार्ता

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा ने रायपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि आयोग के प्रतिनिधि देशभर के जनजातीय समुदायों से मिलकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। इन समुदायों की समस्याओं के संबंध में केन्द्र और राज्य सरकारों को अवगत भी कराया जा रहा है। डॉक्टर लकड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार राज्य में जनजातियों के हित में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि आयोग कोंडागांव, बस्तर, जगदलपुर और एनएमडीसी का दौरा कर जनजातीय समुदायों को मिल रहे सुविधाओं की भी समीक्षा करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल से नारायणपुर जिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले में तीन सौ इकसठ करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।

– राज्य सरकार ने पुलिस सेवा के डीएसपी से एएसपी के पद पर पदोन्नत अधिकारियों के नये पदस्थापना आदेश जारी कर दिया है।

– जांजगीर–चांपा जिले के मोहतरा गांव में फ्लाईएश की समस्या को लेकर
ग्रामीणों ने आज बिर्रा–शिवरीनारायण मार्ग पर चक्काजाम किया, जिसके कारण इस मार्ग पर करीब चार घंटे तक आवागमन प्रभावित हुआ।

और

–  जांजगीर–चांपा जिले के नवापारा गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>